# Daily Current Affairs

Date : 05 December, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान में पहली बार 'एक्स यूटेरो इंट्रापार्टम ट्रीटमेंट (EXIT)' सर्जरी |
| 2. | आइस्टार्ट आइडियाथॉन – 2025 (राज्यस्तरीय कार्यक्रम) |
| 3. | राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन पुरस्कार समारोह – 2025 |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. रणसी मारवाड़ी हॉर्स शो<br>2. 'डिलीवरिंग इंस्टेंट जस्टिस: मेमॉयर्स ऑफ ए फॉर्मर जज' (पुस्तक)<br>3. कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी : जोधपुर |
| 5. | बाल विवाह मुक्त भारत अभियान |
| 6. | वन नेशन, वन मैप |
| 7. | 46वाँ खाड़ी सहायोग परिषद् शिखर सम्मेलन, 2025 |
| 8. | INS अरिधमन पनडुब्बी |
| 9. | मेरा गाँव मेरी धरोहर योजना |
| 10. | गरुड़ सैन्य अभ्यास |
| 11. | विक्रम साहु |
| 12. | वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर, 2025 |
| 13. | नौसेना दिवस, 2025 |
| 14. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. स्वराज कौशल : निधन<br>2. हितेन मेहता : ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान में पहली बार 'एक्स यूटेरो इंट्रापार्टम ट्रीटमेंट (EXIT)' सर्जरी

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जोधपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) द्वारा राजस्थान में पहली बार 'एक्स यूटेरो इंट्रापार्टम ट्रीटमेंट (EXIT)' सर्जरी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई।



### मुख्य बिन्दु:


- एक्स यूटेरो इंट्रापार्टम ट्रीटमेंट (EXIT) खास प्रोसीजर हैं जो दुर्लभ और हाई-रिस्क मामलों में किए जाते हैं, जहाँ डिलीवरी से पहले यूटेरस में भ्रूण का एयरवे सुरक्षित करना बहुत ज़रूरी हो जाता है।
- आमतौर पर, ये प्रोसीजर उन भ्रूणों में किए जाते हैं जिनमें जन्मजात एयरवे रुकावटें या कार्डियोपल्मोनरी असामान्यताएँ होती है।
- EXIT प्रक्रिया में एयरवे बनाना, एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन (ECMO) से कनेक्ट करना या जुड़े हुए जुड़वां बच्चों को अलग करना जैसी तकनीकें शामिल होती हैं, जबकि भ्रूण प्लेसेंटल सर्कुलेशन से सपोर्टेड रहता है।
- यद्यपि इस प्रोसीजर की जटिलता और दुर्लभता को देखते हुए मेडिकल सोसाइटीज़ द्वारा कोई स्थापित गाइडलाइन नहीं हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आइस्टार्ट आइडियाथॉन – 2025 (राज्यस्तरीय कार्यक्रम)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, झालाना (जयपुर) स्थित 'भामाशाह टेक्नो हब' में आइस्टार्ट आइडियाथॉन-2025 का राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, आइस्टार्ट राजस्थान और राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RKCL) द्वारा।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में 'आईस्टार्ट आइडियाथॉन-2025' का आयोजन किया गया था। जो निम्न प्रकार है:-

| स्थान | आयोजन |
|---|---|
| जोधपुर | 09 अक्टूबर, 2025 |
| पाली | 13 अक्टूबर, 2025 |
| उदयपुर | 28 अक्टूबर, 2025 |
| चूरू | 03 नवम्बर, 2025 |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| बीकानेर | 07 नवम्बर, 2025 |
| कोटा | 11 नवम्बर, 2025 |
| भरतपुर | 18 नवम्बर, 2025 |
| जयपुर | 24 नवम्बर, 2025 |

- **आईस्टार्ट आइडियाथॉन, राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT&C) और आइस्टार्ट राजस्थान की एक प्रमुख पहल है। यह नवोन्मेषी सोच, रचनात्मक विचारों और उत्साही समस्या-समाधानकर्ताओं को एकजुट करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।**
- **उद्देश्य : आईस्टार्ट आइडियाथॉन व्यक्तियों, स्टार्टअप्स और छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए अपने समाधान प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करके नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को पोषित करता है।**
- **आइडियाथॉन 2025 का संचालन : राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RKCL) द्वारा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन पुरस्कार समारोह – 2025

## चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस (03 दिसंबर, 2025) के अवसर पर हरीश चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान (OTS), जयपुर में राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान।
- राज्य सरकार द्वारा मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी जैसी दुर्लभ बीमारी से ग्रसित लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए पहली बार इलेक्ट्रिक पावर्ड व्हील चेयर का वितरण किया जा रहा है।
- साथ ही, विशेष योग्यजनों के लिए संचालित आवासीय संस्थानों का मैस भत्ता ₹2500 से बढ़ाकर ₹3250 कर दिया गया है।
- **नोट :** 'अभिव्यक्ति वेलफेयर सोसायटी' द्वारा जवाहर कला केंद्र, जयपुर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दिव्यांगजनों को सम्मानित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### दीपाली शर्मा

- नई दिल्ली में आयोजित वर्ष 2025 के राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जयपुर निवासी दीपाली शर्मा को 'श्रेष्ठ दिव्यांगजन पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया। दीपाली शर्मा पेशे से चित्रकार है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1992 से प्रति वर्ष 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु :** "फॉस्टरिंग डिसएबिलिटी इन्क्लूसिव सोसाइटीज़ फॉर एडवांसिंग सोशल प्रोग्रेस"।
- **नोट :** केन्द्र सरकार ने दिव्यांगजन अधिनियम-2016 के माध्यम से विकलांगता की परिभाषा को 7 श्रेणियों से बढ़ाकर 21 श्रेणियों तक किया है। इसमें एसिड अटैक सरवाइवर को भी शामिल किया गया है।

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **रणसी मारवाड़ी हॉर्स शो**<br>■ हाल ही में रणसी (जोधपुर) में 'रणसी मारवाड़ी हॉर्स शो' का आयोजन किया गया।<br>■ यह आयोजन मारवाड़ के घुड़सवार प्रेमियों, अश्वपालकों एवं मारवाड़ी नस्ल के घोड़ों के संरक्षण और प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित किया गया।<br>■ रणसी गाँव बिलाड़ा तहसील में स्थित है, इसे मारवाड़ी अश्वों तथा स्टड-फार्म्स के लिए जाना जाता है। |
| 2. | **'डिलीवरिंग इंस्टेंट जस्टिस: मेमॉयर्स ऑफ ए फॉर्मर जज' (पुस्तक)**<br>■ हाल ही में, राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायिक अधिकारी गणपत सिंह भंडारी ने सर्वोच्च न्यायलय सहित देशभर के हाईकोर्ट और प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जजों को अपनी पुस्तक 'डिलीवरिंग इंस्टेंट जस्टिस: मेमॉयर्स ऑफ ए फॉर्मर जज' की प्रतियां भेजकर न्यायिक व्यवस्था में समयबद्ध न्याय प्रदान करने का आग्रह किया।<br>■ इस पुस्तक का अनावरण केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा अगस्त, 2025 में जयपुर में किया गया। |
| 3. | **कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी : जोधपुर**<br>■ आयोजन : 4 से 6 दिसंबर, 2025 तक मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर, जोधपुर।<br>■ आयोजक : जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर का वनस्पति विज्ञान विभाग।<br>■ मुख्य वक्ता : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

### चर्चा में क्यों?

- 4 दिसम्बर, 2025 को महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **कारण:** बाल विवाह मुक्त भारत पहल के एक वर्ष होने के उपलक्ष्य में आयोजन।
- **उद्देश्य:** बाल विवाह के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन को मजबूत कर नागरिकों, संस्थाओं और सामुदायिक नेताओं को संगठित करना।
- **अवधि:** 27 नवम्बर, 2025 से 8 मार्च, 2026 तक।

**चरण-3**

| चरण | | |
|---|---|---|
| पहला चरण (27 नवम्बर, 2025 से 31 दिसम्बर, 2025) | दुसरा चरण (1 से 31 जनवरी, 2026) | तीसरा चरण (01 फरवरी, 2026 से 08 मार्च, 2026) |
| स्कुल, कॉलेज व विश्वविद्यालय स्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ | बाल अधिकारों की सुरक्षा व सशक्तीकरण | ग्राम पंचायतों और वार्डों में संचालन |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### भारत में बाल विवाह से संबंधित विधायी ढाँचा

- **प्रावधान -**
  1. विवाह की कानूनी आयु पुरुषों के लिए 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष निर्धारित की गई।
  2. धारा-16 के तहत् बाल विवाह निषेध अधिकारी की नियुक्ति।
- **पोक्सो कानून:** 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों से विवाह करने वाले पुरुषों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत् मामला दर्ज किया।
- **नोट:** 14 से 18 वर्ष की आयु की लड़कियों से विवाह करने वालों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत् मामला दर्ज किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वन नेशन, वन मैप

## चर्चा में क्यों?

- भारत मंडपम में आयोजित "जियो स्पेशियल इंडिया" में केन्द्र के विभिन्न विभागों: राज्यों, सर्वे ऑफ इंडिया, इसरों एवं निजी कंपनियों के विशेषज्ञों के मध्य वन नेशन, वन मैप हेतु सहमति बनी।

## मुख्य बिन्दु:

- **कारण:** एकीकृत और मानक डिजिटल नेशनल मैप हेतु भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण और ड्रोन मैपिंग जारी है किन्तु अभी तक कोई साझा अधिकृत नेशनल मैप नहीं है।
- सर्वे ऑफ इंडिया नेशनल जियो स्पेशियल मिशन लॉन्च करेगा।
- वन नेशन, वन मैप का लक्ष्य संभवत: वर्ष 2030 से 2035 तक हासिल हो सकेगा।
- **सर्वे हेतु प्रमुख नवीन तकनीकी –** ड्रोन मैपिंग, लाइडर सर्वे, सैटेलाइट इमेजरी इत्यादि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## 46वाँ खाड़ी सहयोग परिषद् शिखर सम्मेलन, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, 46वाँ खाड़ी सहयोग परिषद् शिखर सम्मेलन, 2025, मनामा में संम्पन्न हुआ।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन -** सखिर पैलेस, मनामा
- **भागीदार देश-** बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त-अरब अमीरात ।

**परिणाम - सखिर घोषणा पत्र -**

1. सामूहिक सुरक्षा सिद्धांत- सदस्य देशों की स्थिरता अविभाज्य है।
2. देश की संप्रभुता का उल्लंघन समूह के लिए सीधा खतरा है।
3. क्षेत्रीय मामलों में' विदेशी हस्तक्षेप और बल प्रयोग को अस्वीकार करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।
4. फिलिस्तीन के लिए द्वि-राज्य समाधान को समर्थन देने की भी पुष्टि की और मानवीय सहायता प्रदान करने और गाजा के पुनर्निर्माण के प्रयासों को दोहराया।
5. परिषद् ने डिजिटल बुनियादी ढाँचे का विस्तार करने, ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान के लिए साझा प्रणालियाँ विकसित करने और AI तथा साइबर सुरक्षा में संयुक्त पहल को आगे बढ़ाने की आवश्यकता जताई।
6. जलवायु संबंधी कार्रवाई, उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने सहित क्षेत्रीय स्थिरता के लिए परिषद् की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## INS अरिधमन पनडुब्बी

### चर्चा में क्यों?

- भारत अपनी तीसरी स्वदेशी परमाणु संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी INS अरिधमन को नौसेना में शामिल करेगा।




### मुख्य बिन्दु:

- इसके पहले INS अरिहंत और INS अरिघाट को शामिल किया जा चुका है।
- **निर्माण –** इसका निर्माण विशाखापट्टनम स्थित जहाज निर्माण केन्द्र में परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पोत (ATV) परियोजना के तहत् किया जा रहा है।

**प्रमुख विशेषताएँ-**

1. **विस्थापन क्षमता:** सतह पर 6,000 टन व जलमग्न अवस्था में 7,000 टन।
2. इसमें भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराया गया 83 मेगावॉट का दबावयुक्त जल रिएक्टर शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. युद्ध सामग्री –

A. 24 K-15 सागरिका मिसाइल – प्रत्येक की रेंज 750 किमी से अधिक।

B. K – 4 मिसाइल – अंतरमहाद्वीपीय हमलों हेतु (3500 किमी रेंज)।

4. एनेकोइक टाइलें और उन्न्त सोनार सुइट्स भी शामिल किया गया, जो ध्वनि अवमंदन का कार्य करता है।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- INS अरिहंत – भारत की पहली स्वदेशी निर्मित परमाणु पनडुब्बी (लॉन्च – जुलाई, 2009)
- INS अरिघात – दूसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी (लॉन्च – अगस्त, 2024)
- नोट:- नौसेना आधुनिकीकरण – वर्ष 2029 तक 4 राफेल समुद्री विमान शामिल।
- प्रोजेक्ट – 75 इंडिया के तहत् 6 उन्नत पनडुब्बियों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## मेरा गाँव मेरी धरोहर योजना

### चर्चा में क्यों?

- **संसद प्रश्न:** देशभर में सांस्कृतिक मानचित्रण के लिए मेरा गाँव मेरी धरोहर कार्यक्रम के तहत् पहचानें गए गाँवों की संख्या 6,38,365 है, जिनमें से अब तक 6,23,449 गाँवों का डेटा MGMD पॉर्टल पर अपलोड किया जा चुका है।

### मुख्य बिन्दु:

- **परिचय:** सांस्कृतिक मानचित्रण पर एक राष्ट्रीय मिशन।
- **उद्देश्य:** भारतीय गाँवों के जीवन, इतिहास और लोकाचार के बारे में विस्तारित जानकारी संकलित करना तथा आगंतुकों को उपलब्ध कराना।
- **मंत्रालय:** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार।
- **सहयोग:** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA)।
- **MGMD के अंतर्गत सूचना 7 व्यापक श्रेणियों के अंतर्गत एकत्रित की जाती है।**

  1. कला व शिल्प गाँव
  2. उन्मुख गाँव (पारिस्थितिक रूप से)
  3. शैक्षिक गाँव
  4. महाकाव्य गाँव
  5. ऐतिहासिक गाँव
  6. स्थापत्य विरासत गाँव
  7. बागवानी गाँव
  8. चरवाहा गाँव


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## गरुड़ सैन्य अभ्यास

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय वायु सेना (IAF) ने 16 से 27 नवम्बर, 2025 तक फ्रांस के मोंट-डे - मार्सन में फ्रांस के वायु एवं अंतरिक्ष बल (FASF) के साथ द्विपक्षीय वायु अभ्यास "गरुड़-25" के आठवें संस्करण का आयोजन किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **शुरुआत :** वर्ष 2003 में पहली बार आयोजित गरुड़, किसी पश्चिमी देश के साथ भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले हवाई अभ्यासों में से एक है।
- **भागीदारी:** भारतीय वायुसेना के 6 'S4-30MKI लड़ाकू जेट विमानों को तैनात किया गया है, जिन्हें IL-78 रिफ्यूलर्स और C-17 ग्लोबमास्टर्स द्वारा सहायता प्रदान की गई।
- **फोकस-क्षेत्र:** यह हवा से हवा में युद्ध अभ्यास, वायु रक्षा मिशन, संयुक्त हमला संचालन और रणनीति, 'तकनीक एवं प्रक्रियाओं (TTP) के परिशोधन पर केन्द्रित है।
- **महत्व :** यह अभ्यास राफेल सौदै, भारत-प्रशांत महासागर सहयोग और संयुक्त अंतरिक्ष रक्षा अनुसंधान जैसे भारत-फ्रांस सहयोग को बढ़ावा देता है।
- **अन्य अभ्यास :-**
  - वरुण (नौसेना)
  - शक्ति (थल सेना)
  - डेज़र्ट नाइट (भारत-फ्रांस-ब्रिटेन)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## विक्रम साहु

### चर्चा में क्यों?

- RBI द्वारा विक्रम साहु को बैंक ऑफ अमेरिका इंडिया का CEO नियुक्त किया गया।



### मुख्य बिन्दु:

- साहु पहले से इंडिया कंट्री एग्जीक्यूटिव है।
- इन्होनें काकू नखाते का स्थान लिया, जिन्हें बैंक ऑफ अमेरिका इंडिया का चेयरमैन बनाया गया।
- कार्यकाल – 3 वर्ष

भारत के लिए महत्त्वपूर्ण-

1. नियामक अपेक्षाओं का प्रबंधन।
2. आर्थिक और नीतिगत बदलावों से निपटना।
3. वैश्विक बैंकिंग प्रथाओं को स्थानीय बाजार गतिशीलता के साथ संरेखित करना।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर, 2025

### चर्चा में क्यों?

- विश्व एथलेटिक्स अवॉर्ड्स, 2025 में स्वीडन के पोल वॉल्ट एथलीट आर्मंड डुप्लांटिस को वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया।




### मुख्य बिन्दु:

- 26 वर्षीय डुप्लांटिस ने वर्ष 2025 में अपने ही वर्ल्ड रिकॉर्ड को चार बार तोड़ा।
- वर्ष 2025 में खेले गए कुल 16 मुकाबलों में वह एक भी मैच नहीं हारे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## नौसेना दिवस, 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय नौसेना 3-4 दिसंबर, 2025 को तिरुवनंतपुरम के शंगुमुद्यम समुद्र तट पर परिचालन प्रदर्शन के साथ नौसेना दिवस का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **कार्यक्रम की मेजबानी :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ।
- **नौसेना दिवस :** 4 दिसम्बर
- **कारण :** वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान भारतीय नौसेना की जीत के सम्मान में।
- **वर्ष 2025 की थीम :** Combat Ready, Cohesive and Self-Reliant (तत्पर, संगठित, आत्मनिर्भर)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नौ सेना का नेतृत्व :** भारत के राष्ट्रपति (सर्वोच्च कमांडर)
- **आर्दश वाक्य :** "सम् नो वरुण:" (अर्थ-जल के देवता हमारे लिए शुभ है।)
- **परिचालन प्रदर्शन, 2025 :**

1. संपर्क एवं पहुँच (Outreach)
2. प्रदर्शन (Showcase)
3. तत्परता
4. आत्मनिर्भरता

- **इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन, 2025 जारी :-** 4 दिसंबर, 2025
- **परिचय :** नौसेना का सर्वोच्च मार्गदर्शन दस्तावेज है, जो यह निर्धारित करता है कि भारत पूरी समुद्री संघर्ष स्पेक्ट्रम में कैसे योजना बनाता है, तैयारी करता है और संचालन करता है।
- **इतिहास :** पहली बार वर्ष 2004 में जारी किया गया और वर्ष 2009 एवं वर्ष 2015 में संशोधित किया गया।


**वर्ष 2025 संस्करण की मुख्य विशेषताएँ :-**

1. औपचारिक रूप से "नो वार, नो पीस" को एक विशिष्ट संचालनात्मक श्रेणी के रूप में मान्यता दी गई है, जो शांति और संघर्ष के मध्य ग्रे जोन को मान्यता देता है।
2. डॉक्ट्रिन थिएटराइज़ेशन का समर्थन करने के लिए तीनों सेनाओं के मध्य संयुक्त कार्यक्षमता और इंटरऑपरेबिलिटी को प्राथमिकता देती है।
3. ग्रे जोन, हाइब्रिड और इर्रेगुलर वारफेयर तथा बहु क्षेत्रीय खतरों से प्रशिक्षण को एकीकृत करती है।
4. अंतरिक्ष, साइबर और संज्ञानात्मक वारफेयर जैसे उभरते क्षेत्रों पर जोर देती है।

- **महत्त्व :** यह सिद्धांत समुद्री सजग राष्ट्र के रूप में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।
  - **समर्थन :** सागरमाला, PM गति शक्ति, मरीन इंडिया विजन 2030, मरीन अमृत काल विजन 2047, महासागर, त्रि-सेवा संयुक्त सिद्धांत और ब्लू इकोनॉमी का विकास।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **स्वराज कौशल : निधन**<br><br><br>▪ मिजोरम के पूर्व राज्यपाल (वर्ष 1970) और वरिष्ठ वकील स्वराज कौशल का निधन हो गया। |
| 2. | **हितेन मेहता : ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट**<br>▪ हाल ही में, भारतीय हितेन मेहता को ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट का मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया गया।<br>▪ ब्रिटेन के दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए उनके वर्षों की सेवा के सम्मान में उन्हें किंग की वर्ष 2023 की नववर्ष सम्मान सूची में "ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर - OBE से सम्मानित किया गया था।<br> |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR